
सन्मार्ग, भुवनेश्वर, शुक्रवार, जून 21, 2019

# आईसीएआई भुवनेश्वर चैप्टर का 62वां ओरल कोचिंग शुरू




**भुवनेश्वर :** द इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एकाउंट्स आफ इंडिया (आईसीएआई) के भुवनेश्वर चैप्टर का 62वां ओरल कोचिंग का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक नव पंजीकृत विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ओएचपीसी व ओपीजीजी के निदेशक (वित्त) तथा आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष सीएमए प्रभाकर मोहंती मुख्य अतिथि के रूप तथा पूर्वांचल क्षेत्रीय परिषद व आईसीएआई के पूर्वांचल क्षेत्रीय परिषद के पूर्व अध्यक्ष सीएमए शिव प्रसाद पाढ़ी अन्यतम अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भुवनेश्वर चैप्टर के अध्यक्ष सीएमए शक्तिधर सिंह ने सभी का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विकासात्मक कार्यकलापों पर संक्षिप्त रूप से टिप्पणी दी। चैप्टर कोचिंग कमेटी के अध्यक्ष सीएमए शांतनु राउत ने कार्यक्रम का संचालन किया। चैप्टर सचिव सीएमए हिमोज मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

Scanned by CamScanner